**भा.कृ.अनु.प.- भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान**
**ICAR - Indian Institute of Soybean Research**
**खण्डवा रोड, इंदौर – 452 001(म.प्र.)**
**Khandwa Road, Indore – 452 001**

**फा.क्रमांक. प्रिंटिंग/पब्लिकेशन/प्रेस रिलीज़/2020/4** **दिनांक: 15.09.2020**

## प्रेस विज्ञप्ति

भा.कृ.अनु.प.- भारतीय सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान, इंदौर में दिनांक 1 से 14 सितम्बर 2020 के दौरान आयोजित हिंदी पखवाड़े का कल दिनांक 14.09.2020 को "हिंदी दिवस" कार्यक्रम के आयोजन के साथ समापन किया गया. इस पखवाडे के आयोजन के अंतर्गत हिंदी पखवाडा-2020 का उद्घाटन एवं समापन कार्यक्रम के साथ साथ विभिन्न प्रतियोगिताओ जैसे श्रुति लेखन, मौलिक हिंदी स्लोगन, टिप्पण लेखन, निबंध लेखन, त्वरित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया , जिसमे संस्थान में कार्यरत श्रमिको समेत सभी श्रेणियों के कर्मचारियों एवं विद्यार्थीयो ने भाग लिया। पखवाडे का समापन "हिंदी दिवस" के विशेष अवसर पर दिनांक 14. 09.2020 को किया गया। जिसमे विभिन्न प्रतियोगिताओ के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के दिशा निर्देश एवं प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत संस्थान के दैनंदिन कार्यकलापो में राजभाषा हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने के लिए संस्थान के कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर संस्थान की निदेशक महोदया डॉ. नीता खांडेकर ने कार्यालयीन कामकाज में राजभाषा हिंदी का शत प्रतिशत प्रयोग करने पर बल दिया। इसी प्रकार संस्थान की राजभाषा अधिकारी डॉ. पूनम कुचलन ने पखवाडे में आयोजित कार्यकर्मो की रूपरेखा एवं रिपोर्ट प्रस्तुत की और अपने काम हिंदी में करने के लिए जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में श्री विकास केसरी, हिंदी अनुवादक ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन किया।

| | |
|---|---|
|  |  |
| प्रमाण-पत्र वितरण | हिंदी पखवाड़े का समापन समारोह |
|  |  |
| वर्चुअल मोड से आयोजित हिंदी पखवाड़े के समापन समारोह | निबंध प्रतियोगिता का आयोजन |